तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2026

11 नारी शक्ति अधिनियम पर होंगे कार्यक्रम, सांसद ने...

14 गोंडी रीति-रिवाज से 65 जोडों का विवाह प्रारंभ




## खबर संक्षेप

### पौनी-पसारी चबूतरे फिर से व्यवस्थित होंगे

**धमतरी।** शहर में सब्जी विक्रेताओं की सुविधा के लिए बनाए गए पौनी-पसारी चबूतरे को फिर से व्यवस्थित करने की पहल तेज हो रही है। वर्तमान में इन चबूतरों का उपयोग कम होने के कारण नगर निगम अब इनके बेहतर उपयोग पर ध्यान दे रहा है। स्थानीय नागरिकों ने सुझाव दिया है कि इन चबूतरों को कुम्हार बाजार के रूप में विकसित किया जाए, जिससे कुम्हारों को स्थायी स्थान मिल सके और सड़कों पर लगने वाले अव्यवस्थित बाजार से राहत मिले। इस पहल से ट्रैफिक व्यवस्था सुधरेगी और शहर में व्यवस्थित व स्वच्छ बाजार का माहौल भी तैयार होगा।

### राजपुर में नवीन सोसाइटी का शुभारंभ आज

**मगरलोड।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित राजपुर का वर्चुअल शुभारंभ आज 15 अप्रैल बुधवार को सुबह 11 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप द्वारा किया जाएगा। मुख्य अतिथि रोहित मोहन साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष होंगे। अध्यक्षता विजय यदु भाजपा जिला उपाध्यक्ष धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि कृष्णकुमार ध्रुव जनपद सभापति सहकारिता, कविता सिन्हा जनपद सदस्य, श्रवण साहू पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष, जनकलाल साहू प्राधिकृत अधिकारी मोहंदी सोसाइटी, जाम बाई सिन्हा सरपंच राजपुर, हरिविनायक सिन्हा सरपंच सरगी, शत्रुघ्न साहू प्राधिकृत अधिकारी भोथीडीह सोसाइटी, नंदनी सिन्हा भाजपा मंडल महामंत्री, मुरली सिन्हा मंडल महामंत्री, डामेश्वर सिन्हा प्राधिकृत अधिकारी सोसाइटी बोरसी होंगे।

### आग में जलने से महिला की मौत

**धमतरी।** आंगन में जल रहे अंगेठा में महिला गिर गई। आग में गंभीर रूप से झुलस चुकी महिला की अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम ठाठी झिरिया निवासी अहिल्या बाई मरकाम पति सुखचंद उम्र 45 वर्ष के घर के आंगन में 15 दिन पहले अंगेठा जल रहा था। वहां से गुजरते समय महिला अंगेठा की लकड़ी से ठोकर खाकर सिर के बल आग में गिर गई। इस घटना में महिला गंभीर रूप से झुलस गई। अग्निदग्धा महिला का सप्ताह भर घर में इलाज कराया गया। ठीक नहीं होने पर सोमवार को उपचार के लिए नगरी अस्पताल ले गए जहां से रिफर करने पर जिला अस्पताल में भती कराया गया जहां इलाज के दौरान सोमवार की शाम महिला की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मंगलवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# शहर में फिर शुरू होगा लावारिस कुत्तों का बधियाकरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक और लगातार सामने आ रही डॉग बाइट की घटनाओं को देखते हुए नगर निगम ने एक बार फिर बड़े स्तर पर बधियाकरण (नसबंदी) अभियान शुरू करने की तैयारी कर ली है। इस बार अभियान को गति देने के लिए राज्य सरकार ने सीधे हस्तक्षेप करते हुए एजेंसी को भुगतान करने का निर्णय लिया है। इसके तहत हरियाणा की स्टे फाउंडेशन को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो अगले 2-3 दिनों में शहर पहुंचकर कार्य शुरू करेगी। अभियान के तहत करीब 2500 कुत्तों का बधियाकरण किया जाएगा।

इस कार्य के लिए दानीटोला स्थित मणिकंचन केंद्र को चयनित किया गया है, जहां आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए सरकार ने नगर निगम को लगभग 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। निगम आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा सहित अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण कर जल्द तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

बताया जा रहा है कि चार महीने पहले भी निगम ने 400 कुत्तों की नसबंदी कराई थी, लेकिन इसके बावजूद हालत में ज्यादा सुधार नहीं आया। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, बीते एक साल में सैकड़ों लोग कुत्तों के काटने का शिकार हो चुके हैं। जिला अस्पताल में रोजाना 10 से 12 पीड़ित इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

## डॉग बाइट के बढ़ते मामले को लेकर प्रशासन अलर्ट

### आवारा कुत्तों की मौजूदगी प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती

शहर के इतवारी बाजार, जालमपुर, बठेना, दानीटोला, आमापारा, स्टेशनपारा सहित कई वार्डों में आवारा कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ी है, जिससे आम नागरिकों में डर का माहौल बना हुआ है। पूर्व में बच्चों और बुजुर्गों पर हमलों की घटनाएं भी चिंता बढ़ा चुकी हैं। शहर में अनुमानित 8 हजार आवारा कुत्तों की मौजूदगी प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। अब देखना होगा कि यह अभियान कितनी राहत दिला पाता है।



### टीकाकरण कराएं और झाड़-फूंक से बचें

इस संबंध में सर्जन डॉ. विभोर नंदा ने कहा कि रैबीज एक घातक बीमारी है, जो कुत्तों के काटने से फैलती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि काटने की स्थिति में तुरंत अस्पताल जाकर टीकाकरण कराएं और झाड़-फूंक से बचें।

## आरोपियों से 11 लाख का अवैध हेरोइन जब्त, धमतरी पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी रिकवरी

# हेरोइन के अवैध कारोबार का मास्टर माइंड सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश के कई जिलों में सक्रिय रहकर हेरोइन चिट्टा का अवैध कारोबार चला रहे मास्टर माइंड सहित उसकी पत्नी व भाई को अर्जुनी पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। आरोपियों के कब्जे से 11 लाख रूपये का अवैध हेरोइन जब्त किया गया है। यह धमतरी पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है।

पुलिस जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त अभियान चला रही है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने अवैध हेरोइन के खिलाफ बस स्टैण्ड के पास कार्रवाई करते नशे के दो सौदागर को गिरफ्तार किया था। इसी तरह अर्जुनी पुलिस ने श्यामतराई फारेस्ट नाका के पास नशे के कारोबार के मास्टर माइंड सहित तीन को गिरफ्तार कर 56 ग्राम अवैध हेरोइन जब्त कर अब तक सबसे बड़ी कार्रवाई की है।

मुखबिर की सूचना पर अर्जुनी पुलिस की टीम ने फारेस्ट नाका श्यामतराई के पास घेराबंदी कर एक कार में हेरोइन की बिक्री करते हुए मो. इस्लामुद्दीन कुरैशी, उसकी पत्नी अनीता नेताम व भाई निजामुद्दीन कुरैशी तीनों बालोद निवासी को रंगेहाथ पकड़ा। आरोपियों की मौके पर ली गई तलाशी में उनके कब्जे से से 56 ग्राम हेरोइन-चिट्टा कीमत 11 लाख रूपये सहित कार व मोबाइल को जब्त किया। पुलिस ने आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



### मास्टर माइंड पुलिस के राडार पर था

हेरोइन के अवैध कारोबार का मुख्य सरगना मो. इस्लामुद्दीन कुरैशी बीते 8 महीनों से पुलिस के राडार पर था। आरोपी रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद और धमतरी सहित विभिन्न जिलों में सक्रिय था। आरोपी मो. इस्लामुद्दीन का पहले भी एनडीपीएस मामलों में भी सामने आ चुका है। आरोपी बार-बार मोबाइल नंबर बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था लेकिन पुलिस की सतत निगरानी व विश्वसनीय मुखबिर मंत्र की सक्रियता से आखिरकार पूरा गिरोह गिरफ्त में आ गया।

### अवैध हेरोइन सहित 16.24 लाख की संपत्ति जब्त



इस कार्रवाई में पुलिस ने आरोपियों से 56 ग्राम हेरोइन चिट्टा कीमत 11 लाख, 1 स्विप्ट कार क्रमांक सीजी 04 पीटी 8329 कीमत 5 लाख, 2 नग मोबाइल फोन कीमत 20 हजार व नगद 4240 रूपये कुल 16 लाख 24 हजार 240 रूपये की संपत्ति जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपी मो. इस्लामुद्दीन कुरैशी पिता सफरूद्दीन 34 वर्ष, अनिता नेताम पति इस्लामुद्दीन कुरैशी उम्र 37 वर्ष व भाई निजामुद्दीन कुरैशी उम्र 28 वर्ष तीनों मुसलमान पारा बालोद निवासी को धारा 21-बी, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### पंजाब से जुड़ा अन्तर्राज्यीय नेटवर्क

पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी इस्लामुद्दीन पंजाब से ट्रेन के माध्यम से बीते डेढ़-दो वर्षों से हेरोइन लाकर छत्तीसगढ़ में सप्लाई कर रहा था। इस गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस ने अन्तर्राज्यीय ड्रग सप्लाई नेटवर्क की एक महत्वपूर्ण कड़ी को तोड़ दिया है।

### इस तरह मिला आरोपियों का सुराग

एक दिन पहले कोतवाली थाना में हुई हेरोइन पर कार्रवाई के दौरान पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की गई। इस दौरान मास्टर माइंड मो. इस्लामुद्दीन के धमतरी सहित कई जिलों में सक्रिय होने के नेटवर्क का खुलासा हुआ। इसके बाद पुलिस द्वारा रणनीति बनाकर अलग-अलग जिलों में अपने मुखबिरों को सक्रिय किया गया। सूचना तंत्र को मजबूत कर आरोपी इस्लामुद्दीन की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही थी। इसके साथ ही निगरानी भी बढ़ा दी गई। सोमवार को मुखबिर की सटीक सूचना पर त्वरित कार्रवाई की गई।

### 15 दिन से लापता नगर सैनिक का कोई सुराग नहीं

**जीजामगांव।** जीजामगांव निवासी नगर सैनिक दीपक पटेल 30 मार्च से लापता है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक पटेल उम्र 40 वर्ष पिता स्व. मन्नू पटेल निवासी ग्राम जीजामगांव चौकी बिरेझर थाना कुरूद निवासी 30 मार्च 2026 को अपनी ड्यूटी के लिए नगर सेना कार्यालय रुद्री पहुंचे थे। शाम करीब 4:30 बजे कार्यालय से निकले, लेकिन उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने काफी खोजबीन की, रिश्तेदारों और परिचितों से संपर्क किया, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। घर में उनकी पत्नी रमा पटेल, दो बच्चों चिराग पटेल एवं पुत्री हरटिका पटेल है। इस संबंध में परिजनों द्वारा थाना सिविल लाइन रुद्री में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# क्रेडा के तकनीशियनों पर गिरी विभागीय गाज

- 12 साल की निरंतर सेवा के बाद काम से बाहर निकाला गया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



क्रेडा में कार्यरत कलस्टर तकनीशियनों पर विभागीय गाज गिर गई है। क्रेडा में जीवन के महत्वपूर्ण पड़ाव अहम 12 साल खपा देने के बाद एक झटके में काम से बाहर कर दिया गया है जिससे क्रेडा तकनीशियनों तथा उनके परिवार के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। जिले में कार्यरत 14 सेवाकर्ता इकाई ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पुनः कार्य में रखने की मांग की है।

सोमवार को छत्तीसगढ़ क्रेडा कलस्टर जनकल्याण संघ रायपुर के प्रदेशाध्यक्ष हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन लेकर कलेक्टोरेट पहुंची 14 सेवा इकाईयों ने कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपा है। क्रेडा के कलस्टर तकनीशियन शैलेन्द्र कुमार साहू, पूरन कुंजाम, उमेश सिन्हा, हुकुम लाल साहू, सियाराम साहू ने बताया कि प्रदेश में 560 तथा जिले में 14 सेवाकर्ता इकाई (कलस्टर तकनीशियन) विगत 12 साल से क्रेडा विभाग में संविदा एवं रूचि अभिव्यक्ति के अंतर्गत निर्धारित अनुबंधित नियमों के तहत कार्य कर रहे हैं। कार्य अवधि में राज्य में स्थापित विभिन्न परियोजना जल जीवन मिशन, सोलर, ड्यूलपंप, सोलर पावर प्लांट, सोलर हाईमास्ट, सोलर होम लाइट और सौर सुजला योजना आदि के संचालन, संधारण रखरखाव एवं मॉनिटरिंग का कार्य पूर्ण निष्ठा, समर्पण, जिम्मेदारी के साथ सफलतापूर्वक किया है।

कलस्टर तकनीशियनों ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से फंड की अनुपलब्धता एवं नवीन कार्य योजना का हवाला देकर सभी तकनीशियनों को काम से बाहर निकाल दिया गया है। इस निर्णय से उनके उपर मुसीबतों का पहाड़ टूट गया है। उनके परिवार के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो चुका है। उन्होंने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्षों को इस सेवा में समर्पित किए हैं। इस स्थिति से उबरना अत्यंत कठिन हो रहा है। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि वर्तमान परिस्थितियों को सहानुभूति एवं गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए यथाशीघ्र कार्य पर पुनः बहाल करने की मांग की है।

इस मौके पर कलस्टर तकनीशियन उमेश कुमार चक्रधारी, त्रिलोक कुमार, अजय साहू, दामोदर, कुंदन, लिकेश, कोमल साहू, ओमप्रकाश चतुर्भुज उपस्थित थे।

### सर्पदंश से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सड़क किनारे बैठे युवक को जहरीले सांप ने काट लिया। इस घटना में युवक की अस्पताल में मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम गातापार निवासी देवेन्द्र टण्डन पिता सोना प्रसाद उम्र 27 वर्ष बाइक मैकेनिक का काम करता था। सोमवार की शाम युवक दुकान बंद कर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान युवक रामाधार के घर के पास सड़क किनारे बैठ गया तभी एक जहरीले सांप ने उसके दाहिने हाथ की ऊंगली को काट लिया। युवक को उपचार के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान रात्रि में युवक की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मंगलवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# बड़ा हादसा टला : सूने मकान में एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट, मोहल्ले में मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरूद नगर के सिरसा चौक में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक रिहायशी मकान में अचानक एलपीजी सिलेंडर फटने से जोरदार धमाका हो गया। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास का पूरा इलाका दहल उठा और लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना के समय मकान में कोई मौजूद नहीं था। परिवार के सभी सदस्य किसी काम से बाहर गए हुए थे, जिससे जनहानि टल गई। विस्फोट की तीव्रता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मकान के भीतर रखा सामान बुरी तरह बिखर गया, दीवारों में दरारें आ गईं और छत का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। धमाके के बाद



घर में आग लग गई और काला धुआं फैलने लगा। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पानी और रेत की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। दमकल टीम के पहुंचने से पहले ही आग को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया गया, जिससे आसपास के मकानों को नुकसान नहीं पहुंचा। प्रारंभिक जांच में गैस रिसाव या तकनीकी खराबी को हादसे की वजह माना जा रहा है। पुलिस और प्रशासन की टीम मामले की जांच में जुटी है। इस घटना में घर के अंदर रखे इलेक्ट्रॉनिक सामान और अन्य कीमती वस्तुएं जलकर खाक हो गईं, जिससे परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रशासन ने लोगों से गैस सिलेंडर के उपयोग में सतर्कता बरतने की अपील की है।

## खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार की नई व्यवस्था

# बिना एग्रीस्टेक पंजीयन के किसानों को नहीं मिलेगी खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए अब किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन के आधार पर ही खाद दी जाएगी। जिन किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं हुआ है, उन किसानों को समितियों से खाद नहीं मिलेगी। मार्केट से भी खाद खरीदने में समस्या आ सकती है।

यूरिया, डीएपी, पोटाश सहित अन्य सभी खाद को सरकार द्वारा किसानों को बड़ी सब्सिडी देकर मुहैया कराया जाता है। इस खाद का इस्तेमाल वास्तविक किसान कर सके और कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता और उर्वरकों की सही उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने एग्रीस्टेक माध्यम से खाद वितरण अनिवार्य कर दिया है। यह व्यवस्था आगामी खरीफ सीजन से लागू कर दी जाएगी। इस व्यवस्था के तहत खाद वितरण को ई-टोकन से जोड़ा जा रहा है। अर्थात एग्रीस्टेक पंजीयन बिना किसानों को समितियों से खाद नहीं मिलेगी। खुले बाजार में भी खाद खरीदी में परेशानी हो सकती है।



### क्या है एग्रीस्टेक पंजीयन

एग्रीस्टेक एक डिजिटल इकोसिस्टम है जो किसानों के भूमि रिकॉर्ड, फसल और निजी डेटा को एक जगह इकट्ठा करता है। इसी से किसान आईडी तैयार होती है। जिन किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन है, उन्हें वास्तविक किसान माना जाएगा। इसी आधार पर उन्हें खाद बीज भी उपलब्ध कराया जाएगा। जानकारी के अनुसार कृषि संबंधी अन्य सरकारी योजनाओं के लिए भी शीघ्र ही एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य किया जाएगा।

### एक लाख बीस हजार किसान पंजीकृत

जिले में 1 लाख 30 हजार से ज्यादा किसान हैं। पिछले खरीफ सीजन में करीब एक लाख 1 लाख 27 हजार किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था। इनमें से 1 लाख 20 हजार किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन हो चुका है। अभी भी बड़ी संख्या में किसान एग्रीस्टेक पंजीयन से वंचित हैं। कृषि विभाग की सलाह है कि जिन किसानों ने पंजीयन नहीं कराया है वे शीघ्र ही एग्रीस्टेक पंजीयन करा लें, ताकि वे आने वाली परेशानी से बच सकें।



# अग्नि दुर्घटना की पुनरावृत्ति हुई तो तेंदूपत्ता तुड़ाई पर लगेगा बैन

- वन विभाग ने बैठक लेकर जंगल की रक्षा के लिए लोगों को किया तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जंगल में आगजनी और शिकार की घटनाओं को देखते हुए वन विभाग ने ग्रामीणों की बैठक लेकर जंगल की रक्षा के लिए उन्हें तैयार किया। अवैध शिकार और आगजनी की स्थिति में कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

टाइगर रिजर्व क्षेत्र के कुल्हाड़ीघाट और ओढ़ पंचायत के ग्रामीणों की रेंजर और डिप्टी रेंजर ने एक बैठक ली। बैठक का मुख्य मुद्दा जंगल और जंगल के जीवों को हर हाल में सुरक्षित रखना था। बैठक ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट में हुई। वन को आग से बचाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि अग्नि घटना की पुनरावृत्ति होने पर आगामी वर्ष में तेंदूपत्ता तुड़ाई पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाएगा।



व्यक्तियों को शिकार के दुष्प्रभाव के बारे में समझाने के लिए जोर दिया। तीर धनुष लेकर जंगल नहीं जाना है। कोई भी व्यक्ति अवैध शिकार, शिकार के उद्देश्य से जंगलों में पाया जाता है, उस पर कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने ग्रामीणों को वन्यकर्मियों से सामंजस्य बनाकर वनों एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा हेतु सहयोग प्रदान करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। अवैध गतिविधियों को अंजाम देने वाले व्यक्तियों, अपराधियों व किसी भी प्रकार के वन अपराध की जानकारी देने पर गुप्त इनाम देने की योजना की जानकारी भी दी गई। बैठक में बनसिंग सोरी ने वन अपराध के बारे में अपने समाजजनों को कमार भाषा में समझाया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा रोजगार उन्मूलक कार्य प्रदान करने हेतु आग्रह किया गया।

बैठक में कुल्हाड़ीघाट वन परिक्षेत्र के कर्मचारी तथा पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं कुल्हाड़ीघाट के पंचगण आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### गुरुदेव बने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरूद के उपाध्यक्ष



**सिर्री।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरूद में संगठनात्मक नियुक्तियों के तहत ग्राम चरमुड़िया निवासी गुरुदेव महिपाल को उपाध्यक्ष बनाया गया। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों में हर्ष है। मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। महिपाल लंबे समय से कांग्रेस पार्टी हेतु समर्पित रहे हैं। उन्होंने अपने पद एवं जिम्मेदारियों का पूरी तरह निर्वहन करने की बात कही। पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और आम जनता की सेवा निष्ठा से करने की बात कही।

### डोमार बने जिला कांग्रेस महामंत्री



**अंवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन पश्चात डोमार साहू को जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी में महामंत्री नियुक्त किया गया। बताया जा रहा है कि संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लाक जिला संगठन की नियुक्ति के बाद जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी में ग्राम कोलियारी भखारा निवासी डोमार साहू को संगठन के प्रति समर्पण और कुशल नेतृत्व क्षमता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक ओंकार साहू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। भरत नहर, ब्लाक अध्यक्ष होमेंद्र साहू, गोविंद साहू, शारदा साहू, विनोद साहू मंडल अध्यक्षगण गैंदलाल साहू, रामचंद्र साहू, चमन साहू, संतोषी निषाद, महिम शुक्ला, चन्द्रप्रकाश देवांगन, भुनेश्वर साहू, अशोक साहू, रामाधार यादव ने हर्ष जताया है।

### शिक्षक सहकारी समिति में चुनाव की तैयारी शुरू, मतदाता सूची जारी

**धमतरी।** शिक्षक संवर्ग साख सहकारी समिति मर्यादित में आगामी चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

- 17 तक दावा-आपत्ति मंगाई गई, 20 अप्रैल को होगा निराकरण

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सीपी साहू ने बताया कि समिति के संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन आगामी वार्षिक साधारण सम्मेलन अथवा विशेष साधारण सम्मेलन में कराया जाएगा। मतदाता सूची का प्रकाशन सोसायटी कार्यालय, उप, सहायक रजिस्ट्रार सहकारी सोसायटी विकासखंड कार्यालय तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर शाखा धमतरी के सूचना पटल पर किया गया है। 17 अप्रैल तक अपने दावे एवं आपत्तियां सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके लिए सदस्य सोसायटी कार्यालय में अधिकृत कार्यालय सहायक रोशन लाल साहू अथवा कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं धमतरी में आवेदन दे सकते हैं। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निराकरण 20 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से सोसायटी

## निधन

### श्रीमती शिवकुमारी साहू



**धमतरी।** शिवकुमारी साहू का 72 वर्ष की आयु में गोपालपुरी में निधन हो गया। वे मोतीराम साहू की बड़ी बहन थी। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित थे।

### गायत्री साहू



**आमदी(धमतरी)।** परसतराई निवासी गायत्री साहू 34 वर्ष का निधन रविवार को हो गया। वह सत्यनारायण साहू की पत्नी एवं टूशौय साहू और डालिशा साहू की मां थी। अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया।

### शासी परिषद की बैठक में सांसद ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# डीएमएफ की गाइडलाइन का पालन हो : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) की शासी परिषद की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, भोजराज नाग, क्षेत्रीय विधायक ओंकार साहू, सिहावा विधायक श्रीमती अम्बिका मरकाम, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, वनमंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समिति सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने संबंधित विभागों एवं निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि डीएमएफ की गाइडलाइन, नियम एवं प्रक्रियाओं का शत-प्रतिशत पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। स्वीकृत कार्यों का नियमित भौतिक सत्यापन एवं समय-समय पर निरीक्षण करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक पहुंचे। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पूर्व में अनुमोदित कार्ययोजना की सेक्टरवार प्रगति की समीक्षा की गई।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने पावर प्रजेंटेशन के जरिए बताया कि उच्च प्राथमिकता (70 प्रतिशत) के अंतर्गत कुल 52 कार्य स्वीकृत किए गए, जिनमें से 23 कार्य पूर्ण, 21 प्रगतिरत, 5 अप्रारंभ एवं 3 निरस्त हैं। इस श्रेणी में 643.08 लाख रुपये की स्वीकृति के विरुद्ध 245.35 लाख रुपये व्यय किए गए हैं। शिक्षा, कौशल विकास, कृषि एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। इसी प्रकार अन्य प्राथमिकता (30 प्रतिशत) के अंतर्गत 38 कार्य स्वीकृत किए गए, जिनमें 19 पूर्ण एवं 18 प्रगतिरत हैं। इस श्रेणी में 424.85 लाख रुपये की स्वीकृति के विरुद्ध 294.75 लाख रुपये व्यय किए गए हैं।

बैठक में सांसद श्रीमती चौधरी ने सभी विभागों को कार्यों के समयबद्ध क्रियान्वयन, गुणवत्ता नियंत्रण एवं पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीएमएफ निधि का उपयोग जिले के समग्र विकास, विशेषकर खनिज प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रभावी ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी लंबित एवं अप्रारंभ कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र प्रारंभ किया जाए तथा प्रगतिरत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

# दावत-ए-ग़ज़ल का हुआ विमोचन

- वक्त की दीवारों के बीच कवि गोष्ठी और परिचर्चा में शामिल हुए साहित्यकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



संगवारी साहित्य समिति सिर्री के तत्वावधान में कवि एवं शिक्षक मोहन लाल घिवरिया सिर्री द्वारा साहित्यिक गोष्ठी और परिचर्चा गृहग्राम सिर्री में रखी गई। साहित्यकारों ने वक्त की दीवारों के बीच विषय पर अनेक पहलुओं पर चर्चा की। साहित्यकारों ने कहा कि इन्हीं वक्त की दीवारों में कई राज दफन हो गए। ये वक्त की दीवार समाज में असमानता, अज्ञानता है। इस अवसर पर प्यारेलाल साहू द्वारा रचित दावत-ए-ग़ज़ल का भी विमोचन हुआ। कवि गोष्ठी में त्रिवेणी संगम साहित्य समिति के अध्यक्ष मकसूदन राम साहू बरीवाला, रत्नांचल साहित्य परिषद के अध्यक्ष जितेंद्र सुकुमार, कवयित्री नियति कायनात, सौहेन्द्र सिंह गुरुदत्ता, रामेश्वर प्रसाद सिन्हा पूर्व व्याख्याता, गंगा प्रसाद, प्यारेलाल साहू, लिखनलाल साहू, बृजलाल दावना, कृष्णकुमार साहू, लीला राम सिन्हा, लुकेश राम साहू ने गीत, कविता, ग़ज़ल से सराबोर अनेक रचनाएं पढ़ी। साहित्यकारों का सम्मान आयोजक मोहन लाल घिवरिया ने किया। आभार रामेश्वर प्रसाद साहू बकली ने किया।

## चर्रा रोड की उद्यान भूमि पर अवैध विक्रय का आरोप, समिति ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरूद के एफबी टाउन कॉलोनी चर्रा रोड स्थित उद्यान हेतु आरक्षित भूमि के कथित अवैध विक्रय को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इस संबंध में श्रीराम जनकल्याण समिति के पदाधिकारियों ने एसडीएम कुरूद को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। समिति के अध्यक्ष जॉनसन सिंह, सचिव गणेश यादव एवं कोषाध्यक्ष चन्द्रसेन ध्रुव के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि कॉलोनी के ले-आउट के अनुसार दो स्थानों पर उद्यान (पार्क) के लिए भूमि आरक्षित है एक चर्रा रोड की ओर तथा दूसरा डांडेसरा गांव की दिशा में है।

## गणेशपुर में अंबेडकर जयंती एवं भाजपा का स्थापना दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

ग्राम गणेशपुर में अंबेडकर जयंती एवं भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन सेवा पखवाड़ा और गांव चलो, घर चलो अभियान अंतर्गत सिर्री मंडल में हुआ। कार्यक्रम में ग्राम प्रभारी संतोष साहू प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, अटल बिहारी वाजपेयी, भीमराव अंबेडकर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात संतोष साहू ने भाजपा की स्थापना के मूल सिद्धांतराष्ट्रवाद और सांस्कृतिक मूल्यों पर अपने विचार व्यक्त किए।

डॉ. ललित निषाद ने भारतीय लोकतंत्र में अंबेडकर जी के योगदान को महत्वपूर्ण बताया, वहीं अनिल सोनी ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। सरपंच गंगाप्रसाद मिश्रा ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती ही चुनाव में जीत की गारंटी : लेखराम

- कुरूद विधानसभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



कुरूद विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से गांव-गांव चलाए जा रहे गांव चलो, घर चलो अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। ग्राम पंचायत सुपेला में शाम 5 बजे, सिलतरा में 6 बजे और सिलीडीह में 7 बजे इन बैठकों का आयोजन हुआ, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

बैठक में पूर्व विधायक लेखराम साहू, ब्लॉक अध्यक्ष होमेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष चुम्मन लाल साहू, सेक्टर अध्यक्ष गौतम साहू, सेक्टर प्रभारी सागर गौर, वरिष्ठ कांग्रेसी यतीश सिन्हा और पुन्नूलाल सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर लेखराम साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को गांव-गांव और घर-घर जाकर जनहित योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना होगा। उन्होंने मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती ही चुनाव में जीत की कुंजी है।

उन्होंने यह भी बताया कि बूथ कमेटी का गठन ऐसे कार्यकर्ताओं के हाथ में दिया जाएगा, जो ईमानदारी और समर्पण के साथ पार्टी के लिए लगातार काम कर रहे हैं। भखारा ब्लॉक की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यहां के कार्यकर्ताओं का योगदान हमेशा महत्वपूर्ण रहा है।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

# जमीनी स्तर पर पकड़ बनाने पार्टी की रणनीति तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी





ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा द्वारा संगठन सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्रकार ने संगठन को मजबूत बनाने, जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ बढ़ाने तथा आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। ब्लॉक संगठन प्रभारी सूर्या राव पवार ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ कमेटियों एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटियों का गठन करना रहा। वक्ताओं ने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती ही पार्टी की सफलता की कुंजी है।

ब्लॉक अध्यक्ष होमेंद्र साहू ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ें और संगठन को मजबूत करें।

मौके पर लेखराम साहू पूर्व विधायक, नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर, दीपक सोनकर, शारदा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, भरत नाहर पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत, गोविन्द साहू पूर्व सभापति, जिला कांग्रेस महामंत्री राजू साहू, डोमार साहू, सचिव बिसौहा साहू मंडल अध्यक्ष, राजा बंजारे, संतोषी निषाद, गैंदलाल साहू, महामंत्री लेखराम यादव, अनुसुईया रात्रे, परमेश्वरी साहू, वीणा साहू, रीना निषाद, सुलोचनी, महेंद्र साहू, डा. मोहन हरदेल समेत बड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### सेनचुवा स्कूल में टिन शेड निर्माण का हुआ भूमिपूजन



**धमतरी।** ग्राम पंचायत सेनचुवा के शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में 5 लाख रुपये की लागत से बनने वाले टिन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर जगदीश (रामू) रोहरा ने किया। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू ने की। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती फतेश्वरी साहू, पूर्व जिला महामंत्री कालीदास सिन्हा, मंडल अध्यक्ष अमन राव, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है। शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में टिन शेड का निर्माण विद्यार्थियों और ग्रामीणों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। इस प्रकार के निर्माण कार्य से न केवल स्कूल में होने वाली गतिविधियों को बेहतर स्थान मिलेगा, बल्कि बच्चों को भी सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण प्राप्त होगा। बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने के लिए शैक्षणिक वातावरण का सुदृढ़ होना जरूरी है और इस दिशा में हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

- बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने शैक्षणिक वातावरण का सुदृढ़ होना जरूरी : रामू

### खपरी, जरवायडीह में हुई कांग्रेस की बैठक



**जीजामगांव।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गांव चलो अभियान मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम कअंतर्गत ग्राम पंचायत खपरी, जरवायडीह में बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रीमती शारदा साहू ने कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की रीति-नीतियों को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर पर समितियों के गठन पर जोर दिया।कार्यक्रम में शारदा साहू, मंडल अध्यक्ष चमन लाल साहू, ताराचंद साहू, शोभा राम यादव, सुरेश यादव, लक्ष्मीनारायण साहू, मनोज पटेल, लीलाराम पटेल, कोमल पाल, केदार पाल, दीनदयाल पटेल, महेश, गिरिजा बाई, गौतम बाई पटेल, चुम्मन बाई पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### गांव चलो-बूथ चलो अभियान को मिली मजबूती



**मगरलोड।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर नगर पंचायत करेली बड़ी में घर-घर संपर्क कर केंद्र सरकार एवं विष्णुदेव साय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर पहुचाने आम जनता एवं लाभार्थियों से आत्मीय मुलाकात की गई। मेघा मंडल के नेतृत्व में स्थानीय संगठन कार्यकर्ताओं के सहयोग से युवाओं और वरिष्ठों के मार्गदर्शन से अभियान को मजबूती मिली। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष होरी लाल साहू, भूषण यादव उपसरपंच, बूथ अध्यक्ष दानेश्वर सिन्हा, सुखीराम, गौतम साहू महामंत्री, प्रदीप सिन्हा, भुनु निषाद , कुलेश्वर निषाद, लोकेश साहू, दुष्यंत साहू, घनश्याम साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वनस्पति शास्त्र विभाग में हुई फ्लावर डेकोरेशन प्रतियोगिता



**कुरुद।** कुरूद स्थित संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग में फ्लावर डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एसईसी अंतर्गत गार्डनिंग एवं फ्लोरीकल्चर विषय पर प्रायोगिक एवं असाइनमेंट कार्य के रूप में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आकर्षक फ्लावर डेकोरेशन प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. आर.के. पाण्डेय (विभागाध्यक्ष हिंदी) एवं एम.एस. साहू (विभागाध्यक्ष भूगोल) थे। प्रतियोगिता में द्वितीय सेमेस्टर अंतर्गत माधुरी ने प्रथम, आदिति ने द्वितीय एवं साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चतुर्थ सेमेस्टर में याशिका लालवानी एवं ओमनारायण प्रथम, अमित सिन्हा एवं सुधा देवांगन द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके मिश्रा के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष श्रीमती शीबा वंजारी, सहायक प्राध्यापक डॉ. विक्रम सिंह, अतिथि व्याख्याता डॉ. टेमन लाल साहू एवं श्रीमती ज्योति केशरी सहित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सर्व आदिवासी समाज भवन का 17 को होगा लोकार्पण

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल में सर्व आदिवासी समाज के 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित भवन का लोकार्पण 17 अप्रैल शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदकिशोर नेताम अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, संरक्षक जगत दुग्गा, सेवालाल चिराम एवं सुकलाल नाग की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक सचिव शाम सिंह नरेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह भवन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे सामाजिक, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों के लिए एक सुसज्जित स्थान उपलब्ध होगा।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत इरपाना में 12 अप्रैल को तेलंगाना के ओरमनी निवासी 26 वर्षीय श्रीकांत माधव पिता शंकर माधव हाल निवास बांदे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का फिलहाल पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नशा छोड़ो, सफर जोड़ो का जारी किया पोस्टर

**कांकेर।** जिला पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता अभियान चलाते हुए नशा छोड़ो, सफर जोड़ो का पोस्टर जारी करते हुए आमजन से अपील किया है कि नशे में वाहन न चलाएं। पुलिस द्वारा जारी संदेश में बताया गया कि सड़क दुर्घटनाएं किस्मत का खेल नहीं, बल्कि लापरवाही का परिणाम होती हैं। शराब पीकर वाहन चलाना अपराध है और यह न केवल चालक बल्कि अन्य लोगों की जान के लिए भी खतरा बन सकता है। पुलिस ने लोगों से सुरक्षित ड्राइविंग करने और अपने व दूसरों के जीवन की रक्षा करने की अपील की है।

### सड़क हादसे में बाइक चालक के खिलाफ मामला कायम

**कांकेर।** थाना बांदे अंतर्गत ग्राम पीव्ही 89 के पास सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि आरोपी पीव्ही 82 विजय नगर निवासी मोटर सायकल का चालक शिबु घोष अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए 3 अक्टूबर को एक्सीडेंट कर दिया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### प्रेस क्लब के नवनिर्मित कक्ष का हुआ लोकार्पण

**भानुप्रतापपुर।** स्थानीय पत्रकारिता को सशक्त बनाने और पत्रकारों की सुविधाओं में विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए भानुप्रतापपुर स्थित प्रेस क्लब पत्रकार भवन में नवनिर्मित कक्ष का लोकार्पण हुआ। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा कि पत्रकारिता केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

# विधायक चंद्राकर ने किया 'महार समाज भवन' का लोकार्पण

**बोले : शिक्षा ही समाज की असली शक्ति**





हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कुरूद विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक समरसता और जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्राम हंचलपुर, बंगोली और दरबा में हुए आयोजनों में विधायक अजय चंद्राकर ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर ग्राम हंचलपुर में नवनिर्मित महार समाज भवन का विधिवत लोकार्पण किया गया। भवन के उद्घाटन को ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए विधायक चंद्राकर ने कहा कि यह स्थल भविष्य में सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा, जिससे समाज को एकजुटता का नया मंच मिलेगा।

समारोह को संबोधित करते हुए श्री चंद्राकर ने बाबा साहेब के विचारों को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है, जो पिएगा वही दहाड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह संदेश आज भी समाज को आगे बढ़ने और सशक्त बनने की प्रेरणा देता है। उनके अनुसार शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे समाज में समानता, अधिकार और आत्मसम्मान की भावना विकसित होती है। विधायक ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, सामाजिक न्याय और समता का प्रतीक है और उनके विचार संपूर्ण समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और बाबा साहेब के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सामाजिक समरसता और एकजुटता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष सतीश जैन के अलावा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में महार समाज के लोग व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### कर्णेश्वर मंदिर प्रांगण में मनी संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती, समाजजनों का हुआ सम्मान

# सेन समाज सेवा, समर्पण और श्रमशीलता का प्रतीक : सार्वा





हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

सर्व सेन समाज नगरी सिहावा द्वारा संत शिरोमणि सेनजी महाराज की 726वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन कर्णेश्वर मंदिर प्रांगण में किया गया। समाज के वरिष्ठजनों एवं सदस्यों ने भगवान विष्णु एवं संत सेन जी महाराज की पूजा-अर्चना की।

पूजन उपरांत मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा थे। अध्यक्षता सर्व सेन समाज के अध्यक्ष प्रकाश सेन ने की। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जनपद सदस्य भुनेश्वरी घृतलहरे, छिपलीपारा सरपंच शारदा ध्रुव, मुकुंदपुर की सरपंच दुर्गा दर्रो, शिक्षक जशवंत सिंह नेताम थे।

मुख्य अतिथि श्री सार्वा ने अपने संबोधन में समाज को शिक्षा, संगठन और जागरूकता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सेन समाज सेवा, समर्पण और श्रमशीलता का प्रतीक रहा है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति में अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें सही दिशा और शिक्षा के माध्यम से निखारा जा सकता है। उन्होंने नशामुक्त समाज के निर्माण पर जोर देते हुए समाज के लिए कर्णेश्वर मंदिर परिसर में शेड निर्माण कराने की घोषणा भी की। विशेष अतिथि प्रकाश बैस ने सेन समाज को मेहनतकश एवं प्रगतिशील बताते हुए समाज की मांगों के प्रति सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। उन्होंने बाउंड्रीवॉल निर्माण की मांग को प्रभारी मंत्री के समक्ष रखने और उसे शीघ्र पूरा कराने की बात कही। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने समाज के विकास हेतु 2 लाख रुपये की लागत से कुर्सी, टेबल एवं दरी उपलब्ध कराने की घोषणा की। जनपद सदस्य भुनेश्वरी घृतलहरे ने अपने मद से समाज के लिए 1 लाख रुपये के कार्य स्वीकृत करने की घोषणा की।

कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे अधिकारी-कर्मचारियों का मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सर्व सेन समाज के सचिव देवेन्द्र सेन, कोषाध्यक्ष मनीष सेन, उपाध्यक्ष भगवान सेन, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष जीतू सेन सहित अन्य पदाधिकारियों की सहभागिता रही।

## व्यापारियों को दी जीएसटी की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

स्थानीय लॉज में व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण और जीएसटी नियमों की जानकारी एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से ई-वे बिल, जीएसटी कंपोजिशन स्कीम और रेगुलर जीएसटी से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की गई।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जीएसटी विभाग धमतरी के सीनियरों द्वारा जानकारी दी गई। नगरी के जीएसटी सलाहकार रूपनारायण साहू भी उपस्थित थे। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को नए नियमों के प्रति जागरूक करना और व्यापार में सुगमता लाना था। मौके पर व्यापारी संघ की ओर से रूपेंद्र साहू, यमन साहू, श्री बैस, बसंत हिरवानी, चंद्रशेखर नेताम, तरूण साहू, तरूण तारज, राहुल जैन, श्री मिर्जा, कमलेश, शांता, विजय, किरण गिरिजाशंकर नाग, राहुल साहू, कौशल गंजीर, एनके साहू ने सहभागिता निभाई।




### नारी में भाजपा ने चलाया गांव चलो- घर-घर चलो अभियान

## सार्वजानिक स्थलों की सफाई वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

सिर्री मंडल अंतर्गत ग्राम नारी में गांव चलो घर-घर चलो अभियान के तहत सार्वजानिक स्थलों की साफ सफाई, वरिष्ठजनों का सम्मान एवं संगोष्ठी व सभा का आयोजन किया गया। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। हितग्राहियों ने केंद्र व राज्य सरकार व विधायक के विकास कार्यों की सराहना की।

कार्यक्रम में डॉ. लोकेश साहू मंडल अध्यक्ष, थानेश्वर तारक महामंत्री , दिलीप चक्रधारी जनपद सदस्य, डेमिन सालिक साहू सरपंच, नंदलाल सोनकर उपसरपंच, माहेश्वरी ध्रुव पूर्व सरपंच व भाजपा के वरिष्ठजन, बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

डॉ लोकेश साहू ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं प्रधानमंत्री आवास, नल जल योजना, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय निर्माण, उज्ज्वला गैस योजना, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, 3100 रुपए में प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल धान खरीदी, महतारी वंदन योजना, भूमिहीन मजदूरों को सम्मान निधि की जानकारी साझा की।

थानेश्वर तारक महामंत्री ने कहा कि भाजपा के पुरोधा श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी बाजपेयी का एक ही सपना था कि देश के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाएं पहुंचे। उस सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विष्णुदेव साय की सरकार पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि विधायक अजय चंद्राकर ने कुरूद विधानसभा में चहुंमुखी विकास किया है जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सहकारिता, न्यायालीन प्रक्रिया, कृषि, औद्योगिक पार्क, विद्युत, पेयजल, सड़क, पुल-पुलिया आदि शामिल हैं।

## अंबेडकर जयंती पर गोहाननाला में संविधान की प्रस्तावना का वाचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती पर ग्राम गोहाननाला में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र नेताम एवं सरपंच मानकी बाई के आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत महेंद्र नेताम द्वारा अपने निवास पर परिवार सहित बाबा साहेब के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर की गई। इसके बाद गोहाननाला में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख जयलाल मरकाम एवं ग्राम सभा अध्यक्ष सुनीता मरकाम की उपस्थिति में बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। महेंद्र नेताम ने बाबा साहेब के जीवन एवं उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए संविधान के महत्व को बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु लागू किए गए 33 प्रतिशत आरक्षण नारी वंदन अधिनियम की जानकारी दी। मौके पर सरपंच मानकी बाई कुंजाम, बूथ अध्यक्ष हीरालाल नेताम, पंच संतुला, देवलाल मरकाम, जानकी मरकाम, कमलेश्वरी, कमलाबाई, बुधयारिन, ईश्वरी यादव, सुषमा, कमितला, ललिता विश्वकर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर मनक यादव, भृत्य बुधराम नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत हुए ग्रामीण

**नगरी।** गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के तहत ग्राम घटुला में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यकर्ताओं को पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया और योजना के लाभार्थियों के घर घर जाकर उनको केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजना महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजनाओं से परिचित कराया गया।

## अंबेडकर जयंती पर स्कूली बच्चों को वितरित की पेयजल बोतल



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर छत्तीसगढ़ महार/महरा समाज के युवा संगठन श्रीदेव जी युवा मंच द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए संगठन ने स्कूली बच्चों को पेयजल रखने हेतु पानी की बोतलें वितरित कीं। इस सेवा कार्य के माध्यम से अंबेडकर जयंती को समाजहित और जनसेवा से जोड़ते हुए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया गया।

युवा संगठन के हरिकिशन पावरिया ने कहा कि जीवन के अविस्मरणीय क्षणों को सार्थक बनाने के लिए हमें समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए कार्य करना चाहिए। ऐसे प्रयासों से आने वाली पीढ़ी को सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने और उन्हें आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है।

पार्षद सुमन मेश्राम ने अपने विचार रखते हुए कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर ने हमें सिखाया कि कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं माननी चाहिए, शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए और सामाजिक समानता के लिए संघर्ष करना चाहिए। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर भी जोर दिया।

इस अवसर पर विशेष रूप से डॉ. रामचंद्र मेश्राम, चंद्रभान मेश्राम, श्रवण मेश्राम, मिलाप मेश्राम, सोमेश मेश्राम, रामेश्वर सिसोदिया और प्रकाश नाग उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### चारभाठा में भाजपाइयों ने की मंदिर परिसर की सफाई



**सिर्री।** ग्राम चारभाठा में गांव चलो घर घर चलो अभियान अंतर्गत केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) तथा विकसित भारत 2047 की लक्षित योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर दी गई। भाजपाइयों द्वारा शीतला मंदिर सहित परिसर एवं अन्य जगहों की साफ सफाई की गई। इस अभियान में शकुंतला देवांगन सभापति, जनपद पंचायत कुरूद सहित फुलेश्वरी विश्वकर्मा, मोतिम देवांगन, गिरिजा साहू, उर्मिला निषाद पंच, सावित्री साहू, जानकी देवांगन, लक्ष्मी लहरे पंच, रूपचंद देवांगन, धनेश देवांगन, गैंदलाल साहू, मोहन नगारची, हतेश्वर निषाद, हरिचंद साहू शामिल हुए।

### भैंसमुंडी में मनाई गई अंबेडकर जयंती



**सिर्री।** सिर्री मंडल अंतर्गत ग्राम भैंसमुंडी में डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर उन्हें स्मरण कर नमन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी शामिल हुए। मौके पर प्रभारी टेकराम साहू जनपद सदस्य, थानेश्वर तारक महामंत्री, ओमप्रकाश यादव सरपंच ,दीपदान साहू उपसरपंच , सुरेश , दुर्योधन निषाद बूथ अध्यक्ष, डॉ दीनू साहू, डॉ भानु साहू, रामबरन साहू पंच, रोशन साहू, त्रिलोकचंद ,दिवाकर साहू , देवकी, मीनाक्षी, अर्चना, निर्मला यादव, कुमारी साहू, तारिणी साहू शामिल हुए।


### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा ने मनाई अंबेडकर की जयंती



**अंवरी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। ब्लॉक अध्यक्ष होमेंद्र साहू ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा बनाए गए संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज में समानता, न्याय और अधिकारों की स्थापना के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सामाजिक समरसता और संविधान के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री राजू साहू, डोमार साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष विनोद साहू, जिला सचिव बिसौहा साहू, प्रभारी महामंत्री लेखराम यादव, मनोज, मुकेश साहू, समीर गौर, डॉ हरदेल, सोमनाथ, सौरभ पाल, आदित्य बघेल, दिनेश यादव, मयंक कोसरे, देवेंद्र सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### जिले की 3 बालिकाओं का छग राज्य क्रिकेट जोन टीम में हुआ चयन

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 टी-20 (महिला) चैलेंजर ट्राफी में जिले की 3 बालिकाओं का तीन विभिन्न जोन की टीम में चयन हुआ है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ राज्य में बालिका, महिलाओं के मध्य डयूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इसी श्रृंखला में अंडर-19 टी-20 (महिला) चैलेंजर ट्राफी का आयोजन 16 अप्रैल से दुर्ग में किया जा रहा है। अंडर-19 टी-20 (महिला) चैलेंजर ट्राफी के ईस्ट जोन में चंचल साहू, नार्थ जोन में वर्षा साहू तथा साऊथ जोन में बबिता हिरवानी का चयन हुआ है। यह सभी बालिकाएं जिला क्रिकेट संघ द्वारा संचालित प्रशिक्षण शिविर में कोच श्रीमती अनुप्रिया शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। जिला क्रिकेट संघ द्वारा पीजी कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में 1 अप्रैल से डयूज बॉल क्रिकेट समर कैम्प का आयोजन किया गया है। मर कैम्प में जिले के लगभग 100 से अधिक 9 वर्ष से 16 वर्ष आयु वर्ग के बालक- बालिकाएं लाभ ले रहे हैं। समर कैम्प अजय बाबर एवं सकुश गुप्ता के सानिध्य में तथा कोच द्वय श्रीमती अनुप्रिया शर्मा एवं सजल चंद्राकर के मार्गदर्शन में चल रहा है।



### मेघा में भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**मगरलोड।** भाजपा का गांव चलो बस्ती चलो अभियान अंतर्गत ग्राम मेघा सेन्हाभाठा में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान शीतला मंदिर प्रांगण, जैतखाम प्रांगण एवं यशवंतराव मेघावाले के प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई कर स्वच्छता एवं जनजागरण का संदेश दिया गया।

## खबर संक्षेप

### दुर्गुकोंदल में युवा कांग्रेस की संगठन विस्तार बैठक



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल स्थित वन विभाग विश्राम गृह में ब्लॉक युवा कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन विस्तार और सुदृढ़ीकरण को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष गन्नू राम सिन्हा एवं नगर अध्यक्ष महत्तम दुग्गा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाकर की गई। इस अवसर पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों और देश के प्रति योगदान को स्मरण किया गया। प्रदेश सचिव पंकज वाधवानी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि युवा कांग्रेस को बूथ स्तर तक सक्रिय करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने और विस्तार के लिए ठोस रणनीति अपनाने की बात कही। जिला अध्यक्ष राजेंद्र दुबे ने भी कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सफलता की कुंजी है। ब्लॉक अध्यक्ष गन्नू राम सिन्हा एवं नगर अध्यक्ष महत्तम दुग्गा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए एकजुट होकर संगठन को सशक्त बनाने की अपील की। बैठक में संगठन सृजन, बूथ स्तर तक विस्तार एवं आगामी गतिविधियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला और सभी ने संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

### दुर्गुकोंदल में भाजपा ने मनाई डॉ.अंबेडकर जयंती



**दुर्गुकोंदल।** भारतीय जनता पार्टी दुर्गुकोंदल द्वारा मंडल भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो के नेतृत्व में उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सेजेस दुर्गुकोंदल स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा शासकीय आवासीय छात्रावास में समाज में समानता, शिक्षा और जागरूकता को लेकर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष, समर्पण और समाज सुधार का अद्भुत उदाहरण है। उनके द्वारा रचित संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और सम्मान प्रदान किया है। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री विजय पटेल, भाजपा महामंत्री रामचंद्र कल्लो, महामंत्री शकुंतला नरेटी, भाजयुमो अध्यक्ष एवं जनपद सभापति विकास राजु नायक, अजजा मोर्चा अध्यक्ष तुलसी मतलाम, अजा मोर्चा अध्यक्ष मनोज बघेल, भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी दीपक पुड़ो, महामंत्री राहुल जाम्बूरकर, कोषाध्यक्ष बीरेंद्र जैन, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता हरिप्रसाद टांडिया सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### वाटिनटोला में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम वाटिनटोला में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने एकत्रित होकर बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों को स्मरण किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन एवं उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय का प्रतीक है, जो आज भी समाज को प्रेरित करता है। उपस्थित जनों ने समाज में शिक्षा, समानता और जागरूकता को बढ़ावा देने तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### युवक पर जानलेवा हमला कर सिर फोड़ा

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर के शराब भट्टी के पास मारपीट का मामला सामने आया, जिसमें आरोपी ने पीड़ित युवक के साथ मारपीट किया और उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाते हुए उसकी पगड़ी को भी उतार दिया। खून से लथपथ युवक सीधे थाना पहुँचा, जहाँ पुलिस उसे अस्पताल ले जाकर इलाज करवाया। आरोपी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार सुभाषपारा वार्ड क्रमांक 9 निवासी 25 वर्षीय करमीन्दर सिंह ने पुलिस को बताया कि सोमवार 13 अप्रैल की रात साढ़े 8 बजे के आसपास मैं शराब दुकान के अहाते के पास अपने दोस्त राकेश दर्रो का इंतजार कर रहा था, तभी नेहरूनगर निवासी संजय दर्रो वहां पहुँचा और पीछे से मेरे सिर की पगड़ी पर हाथ मारकर उसे खोल दिया।

# ग्राम कंडेल में गांव चलो बस्ती चलो अभियान में घर-घर दस्तक

**हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी**

ग्राम कंडेल में गांव चलो, बस्ती चलो अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक इंदरचंद चोपड़ा ने गांव के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर दर्जनों लाभार्थी परिवारों से सीधा संवाद किया। उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा कर उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों को जाना तथा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित किया।

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की राजनीति सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा का संकल्प है। जब तक अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ नहीं पहुंचेगा, तब तक हमारा प्रयास अधूरा रहेगा। डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता गरीब का सम्मान, किसान की समृद्धि और मातृशक्ति का सशक्तिकरण है। आज योजनाएं केवल कागजों तक सीमित नहीं, बल्कि सीधे जनजीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं।

श्रीराम चौक एवं बाजार चौक में आयोजित जनसंवाद के दौरान उन्होंने स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक जिम्मेदारी और संस्कार है। जनचौपाल में श्री चोपड़ा ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत को त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया। इस दौरान नरेश यादव, नंदकिशोर साहू, श्रीमती हेमलता, पार्वती साहू, केकती साहू एवं दुलारू राम साहू सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। अभियान के प्रभारी रहे भाजपा मंडल महामंत्री आनंद स्वरूप ने प्रत्येक वार्ड में पहुंचकर संगठन को बूथ स्तर तक सुदृढ़ करने का कार्य किया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल, ओंकार नेताम, लोकेंद्र ढीमर, प्रदुम्न नागरची, हेमू राम साहू बूथ अध्यक्ष गिरधर सार्वा सरपंच, यतीश भूषण श्रीवास्तव सहकारी समिति अध्यक्ष, गिरीश साहू, प्रेम नारायण साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**पूर्व विधायक इंदर ने लगाई जनचौपाल**



## यह अधिनियम महिलाओं के लिए ऐतिहासिक सौगात है : रूपकुमारी

# नारी शक्ति अधिनियम पर होंगे कार्यक्रम, सांसद ने तैयारी को लेकर जिला कार्यालय में ली बैठक

**हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी**



नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने पर देशभर में उत्सव मनाने की तैयारी है। इसी कड़ी में जिले में भी कार्यक्रम आयोजित होगा। इसे लेकर महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू,किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पिंकी शाह ने जिला कार्यालय में बैठक ली और तैयारियों की समीक्षा की। सांसद रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के लिए ऐतिहासिक सौगात है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत की महिलाओं के लिए सिर्फ अवसरों के द्वार नहीं खोलता, बल्कि सत्ता के केंद्र को अधिक समावेशी बनाता है। वर्षों से नीति निर्माण में महिलाओं की आवाज़ सीमित रही है। यह अधिनियम उस स्थिति को बदलते हुए महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करता है। रंजना साहू ने कहा कि महिला नेतृत्व अपने साथ जमीनी अनुभव और दृष्टिकोण लेकर आता है, चाहे वह स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा या आर्थिक सशक्तिकरण का विषय हो। उनकी बढ़ती भागीदारी न केवल नीतियों को प्रभावित करेगी, बल्कि देशभर की लाखों बेटियों को आगे बढ़ने और नेतृत्व करने की प्रेरणा भी देगी। यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन की शुरुआत है। पिंकी शाह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है। विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में अब नारी शक्ति का सशक्तिकरण नीति-निर्माण से लेकर राष्ट्र-निर्माण तक उसकी अग्रणी भूमिका को और मजबूत करेगा। इस अधिनियम से विधायिका में महिलाओं का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा।

### कार्यक्रम के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई

इस कार्यक्रम की प्रभारी अर्चना चौबे एवं प्रेमलता नागवंशी सह प्रभारी बनाई गई है। इस दौरान महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता यादव,जिला पंचायत सदस्य मोनिका देवांगन, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, महिला मोर्चा जिला महामंत्री प्रियंका सिन्हा, कविता यादव, मंडल अध्यक्ष पूजा कुंजाम, चिलेश्वरी साहू, रुक्मणि सोनकर, संगीता जगताप, दमयंती गजेंद्र, आशा लोधी, रितिका यादव, विभा चंद्राकर, हिमानी साहू, भारती साहू, चंद्रभागा साहू, सुशीला तिवारी, अनीता सोनकर, रीता बंजारे उपस्थित रहीं।

# बाबा साहेब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, निकली रैली



■ भारतीय बौद्ध महासभा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी**

इस वर्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती उत्साह, एकता और सामाजिक चेतना के साथ मनाई गई। भारतीय बौद्ध महासभा जिला धमतरी के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम ने पूरे शहर को एक सूत्र में बांध दिया।

13 अप्रैल को दानीटोला वार्ड स्थित आंबेडकर भवन में भारतीय बौद्ध महिला समूह द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रंगोली, निबंध, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताओं में बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर समाज के बच्चों द्वारा सीमित संसाधनों में बाबा साहेब की जीवनी पर तैयार प्रेरणादायक वीडियो प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी का मन मोह लिया। इस सराहनीय प्रयास पर महापौर रामू रोहरा ने 5000 रुपये तथा पार्षद श्रीमती सुमन मेश्राम ने 3000 रुपये का पुरस्कार देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

14 अप्रैल की सुबह अंबेडकर चौक में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद भव्य रैली निकाली गई, जो अंबेडकर चौक से रत्नाबांधा चौक, मकई चौक, सदर बाजार होते हुए अंबेडकर भवन पहुंची। रैली में सर्व आदिवासी समाज, भारतीय बौद्ध महासभा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों की भागीदारी रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर रामू रोहरा ने की। मौके पर श्रीमती रंजना साहू सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने अंबेडकर भवन के सामने नाली पर स्लैब, दानीटोला वार्ड में सड़क निर्माण तथा बिलाई माता मंदिर से लक्ष्मी निवास चौक तक सड़क निर्माण की घोषणा की। पार्षद श्रीमती सुमन मेश्राम ने 3 लाख रुपये की सहयोग राशि देने की बात कही। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

# डीपीएस में स्कॉलर बैज सेरेमनी का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी**

दिल्ली पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की शैक्षणिक उत्कृष्टता को सम्मानित करने हेतु स्कॉलर बैज सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम धमतरी पीयूष तिवारी थे। विद्यालय के कॉयर ग्रुप द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को प्रेरित किया तथा कक्षा तृतीय से ग्यारहवीं तक अंतिम परीक्षा में 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों हेतु स्कॉलर बैज पुरस्कार योजना की जानकारी दी। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए विद्यार्थियों को ग्रीन बैज, ग्रीन ब्लेज़र, ब्लू बैज, ब्लू टाई, गोल्ड मेडल, स्कॉलर ब्लेज़र एवं टाई तथा स्कॉलर मेडल जैसे विभिन्न सम्मान प्रदान किए गए।





इस अवसर पर पीयूष तिवारी ने अपने बचपन के अनुभव साझा किए तथा अनुशासन और ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को इन मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के निदेशक धीरज अग्रवाल एवं श्रीमती निधि अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे। वेदप्रकाश साहू के मार्गदर्शन में समूह गीत तथा श्रीमती दीपाली एवं मुकुल के निर्देशन में सेमी क्लासिकल नृत्य की प्रस्तुति दी गई। मंच का संचालन शिविका कुकरेजा एवं राबिया परवीन ने किया। निदेशक द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिला नेतृत्व को मिलेगा नया आयाम

**धमतरी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला कन्या शक्ति संयोजिका पूजा यादव ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33% आरक्षण देकर उनके राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इससे संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और वे नीति निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगी। पूजा यादव ने कहा कि इससे बेटियों को प्रेरणा मिलेगी और वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगी। साथ ही एससी एसटी वर्ग की महिलाओं को भी इसका लाभ मिलेगा, जिससे समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा।



### सार्थक दिव्यांग विद्यालय में हुआ न्योता भोज

**धमतरी।** सार्थक दिव्यांग विद्यालय में एक प्रेरणादायक आयोजन के तहत न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयं दिव्यांग सीताराम अग्रवाल ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के लिए फल वितरण की व्यवस्था कराई। उन्होंने लखनऊ से बसंत कुमार विश्नोई से संपर्क कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। संस्था की संचालिका एवं समाजसेविका सरिता दोशी के नेतृत्व में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

## अंचल की खबरें

### डुबान क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हुईं सम्मानित



**धमतरी।** महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी एवं कांकेर सांसद भोजराज नाग ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में जिले के डुबान क्षेत्र मोंगरागहन ग्राम पंचायत के उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें ग्राम उरपुटी की सुश्री अमृता मंडावी, श्रीमती पद्मिनी साहू अकलाडोंगरी, श्रीमती वृंदावी मंडावी मालगांव, श्रीमती सतन मरकाम कोलियारी और श्रीमती रूखसाना बेगम राजपुर को सम्मानित किया। अतिथियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के उज्जवल भविष्य की कामना कीं। इस अवसर पर विधायक धमतरी ओंकार साहू, विधायक सिहावा श्रीमती अंबिका मरकाम, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### शैक्षणिक उत्थान में पालकों की भूमिका आवश्यक



**धमतरी।** शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों के माध्यम से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। समग्र शिक्षा अभियान के तहत संकुल, विकासखंड और जिला स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में एससीआरटी और डाइट द्वारा राज्य स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाता है। कार्यशाला में सीएल साहू, पीआर साहू और एसके साहू ने विद्यालय प्रबंधन में पालकों की सक्रिय भागीदारी को बेहद जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि सामाजिक सहभागिता से शिक्षा में सतत विकास संभव है। वहीं घनश्याम सिंह साहू और डोमार सिंह साहू ने पालक, शिक्षक और विद्यार्थियों को विद्यालय की मुख्य धुरी बताते हुए शैक्षणिक उत्थान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

### स्पर्श ग्रुप ने 100 बच्चों को पहनाई चरण पादुका



**धमतरी।** ग्राम पेरपार स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को स्पर्श ग्रुप ने 100 जरूरतमंद बच्चों को चरण पादुकाएं (चप्पल) वितरित कर उनके स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान शिक्षकों से भी आग्रह किया गया कि वे नियमित रूप से बच्चों को चप्पल पहनने के लिए प्रेरित करें और उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शिविर में कुल 100 जोड़ी चरण पादुकाएं वितरित की गईं। 80 जोड़ी प्राथमिक विद्यालय के बच्चों तथा 20 जोड़ी आंगनबाड़ी के बच्चों को प्रदान की गईं। कार्यक्रम में स्पर्श ग्रुप के सदस्य डॉ. राकेश सोनी, डॉ. भूपेन्द्र सोनी, डॉ. राकेश साहू, डॉ. धर्मेंद्र सिन्हा, डॉ. देवेश सिन्हा, अजय वर्मा समेत प्रधानपाठक एचएल भोजवानी, प्रधान अध्यापिका चमेली साहू, शिक्षक अजय वर्मा, डोमार साहू, लीनेश्वरी साहू, मोतिम साहू और चंद्रिका साहू मौजूद थे।

### जिला उपाध्यक्ष बनने के बाद गीतराम ने पूर्व सीएम बघेल से लिया आशीर्वाद



**धमतरी।** युवा कांग्रेस में नई जिम्मेदारी मिलने के बाद नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। इसी कड़ी में नवनियुक्त युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गीतराम सिन्हा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने सिन्हा को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का मार्गदर्शन दिया। अपनी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए गीतराम ने कांग्रेस के शीर्ष और स्थानीय नेतृत्व का आभार माना।

### रक्तदान कर सिकलिन पेशेंट की बचाई जान

**धमतरी।** बनबगौद निवासी प्रमोद कुमार ने रक्तदान कर सिकलिन पेशेंट की जान बचाई। ज्ञात हो कि भंवरमरा निवासी 23 वर्षीय दीपिका साहू सिकलिन से पीड़ित हैं। दीपिका की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल धमतरी में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने उसके शरीर में खून की अत्यधिक कमी बताई। जानकारी होने पर बनबगौद निवासी प्रमोद कुमार साहू बिना समय गंवाए तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने निःस्वार्थ भाव से रक्तदान कर दीपिका साहू की जान बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## पानी के लिए भटक रहे तहसील पहुंचे पक्षकार व वकील

# तहसील कार्यालय में पेयजल संकट गहराया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी**

शहर के ऐतिहासिक और व्यस्त तहसील कार्यालय में इन दिनों पेयजल संकट गहराता जा रहा है। रोजाना सैकड़ों लोगों की आवाजाही वाले इस परिसर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। भीषण गर्मी के बीच पानी की व्यवस्था नहीं होने से पक्षकारों, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

तहसील और एसडीएम कार्यालय में प्रतिदिन जमीन विवाद, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न मामलों को लेकर बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। लेकिन यहां पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। कुछ समय पहले लगाए गए वाटर कूलर खराब हो चुके हैं, वहीं मटकों में पानी रखने की व्यवस्था भी बंद हो गई है।



अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष सचिन जाचक ने बताया कि पिछले कई वर्षों से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। स्थिति यह है कि अधिवक्ता और कर्मचारी घर से पानी लाने को मजबूर हैं, जबकि अन्य लोग बाजार से पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। पहले आसपास प्याऊ की व्यवस्था थी, जो अब बंद हो चुकी है।

इस गंभीर समस्या को लेकर अधिवक्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है। अधिवक्ता योगेश जगताप, कैलाश साहू, हेमलाल निर्मलकर, तोरण तिवारी, यदुनंदन सिन्हा, रामेश्वरी सपहा, लक्ष्मीकांत साहू, माया कौल, बलवंत गायकवाड़, हेमू पटेल, लक्ष्मी बंजारे, विजय तिवारी, पीके तिवारी, अशोक सोलंके, मुन्ना ठाकुर, रेखराम सेन, राजकुमार हिरवानी, गायत्री माया गोस्वामी, रामजी साहू, संदीप भारद्वाज, हंसराज गजबिये, राकेश सिन्हा, अजय कुंभकार, विष्णुदास चतुर्वेदी, शिव सिन्हा, एमडी लच्छवानी, नेहा ढीमर, त्रिभुवन साहू, रजनीश, नंदकुमार, मनोहर तारक, माहेश्वर महिलांगे, नरोत्तम सिन्हा, सतीश मीनपाल, मनीष साहू, शेखरदास मानिकपुरी सहित अन्य अधिवक्ताओं ने प्रशासन से तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

अधिवक्ताओं का कहना है कि यहां रोजाना सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रहती है, इसके बावजूद पानी जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव गंभीर लापरवाही दर्शाता है। उन्होंने सुझाव दिया कि ओवरहेड टैंक से नियमित जलापूर्ति, नई टंकी की स्थापना और खराब उपकरणों की मरम्मत कर समस्या का समाधान किया जा सकता है।

अधिवक्ता संघ ने निर्णय लिया है कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी, तो वे कलेक्टर से मुलाकात कर इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएंगे। फिलहाल, तहसील परिसर में पेयजल संकट आमजन के लिए बड़ी परेशानी बना हुआ है।

## खबर संक्षेप



### अक्षय तृतीया 19 को, 20 को भखारा में भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**कोर्रा(भखारा)।** क्षेत्र में इस वर्ष अक्षय तृतीया का पर्व 19 अप्रैल रविवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। विप्र विद्वान परिषद भखारा के विद्वानों मदन शर्मा, यशवंत शुक्ला, जगदीश्वर शर्मा, विजय शर्मा, विनोद चौबे, सोम दुबे, योगेश्वर उपाध्याय, ज्योतिषाचार्य पं. सुनील तिवारी सहित अन्य सदस्यों ने देव पंचांग के आधार पर तिथि की पुष्टि की है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार, वैशाख शुक्ल तृतीया तिथि 19 अप्रैल सुबह 10:49 बजे से प्रारंभ होकर 20 अप्रैल सुबह 7:27 बजे तक रहेगी। इस दिन को स्वयं सिद्ध मुहूर्त माना जाता है, जिसमें दान, पूजा, निवेश, विवाह और नए कार्यों की शुरुआत अत्यंत शुभ फलदायी होती है। प्रातः स्नान, लक्ष्मी-नारायण एवं गणेश पूजन, पितृ तर्पण तथा पीपल वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। खरीदारी और शुभ कार्यों के लिए भी यह दिन विशेष माना गया है, जिसमें दिनभर शुभ मुहूर्त उपलब्ध रहेगा। इसी क्रम में 20 अप्रैल सोमवार को तहसील ब्राह्मण समाज भखारा द्वारा ग्राम रामपुर (भखारा) में भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

# बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक : बैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

भाजपा मंडल नगरी के आह्वान पर संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। उन्होंने समाज के शोषित, वंचित एवं दलित वर्गों को न्याय दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि बाबा के विचारों को अपनाकर ही हम एक सशक्त और समतामूलक समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान समाज की माताओं द्वारा भगवान गौतम बुद्ध की आरती की गई, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। पूरा सभागार जय भीम के नारों से गूंज उठा। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने नगर में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापना हेतु स्थान उपलब्ध कराने एवं सामुदायिक भवन निर्माण के लिए समाजजनों से भूमि प्रदान होने पर

**भाजपा मंडल नगरी ने मनाई संविधान निर्माता की जयंती**



सामुदायिक भवन निर्माण करने का विचार रखा। अजजा मोर्चा के जिलाअध्यक्ष मोहन पुजारी ने समाजजनों से हर वर्ष इस प्रकार के आयोजनों में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन मोहन पुजारी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष संजय सारथी ने किया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, पूर्व नपं अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, महेंद्र नेताम, अंबिका ध्रुव, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू कमल डागा, मीडिया प्रभारी राम गोपाल साहू, नीलम साहू, अजय ध्रुव, दीनदयाल यादव, जनपद सदस्य सभापति प्रेमलता नागवंशी, प्रतिमा देवांगन, चेलेश्वरी साहू, दीनदयाल सेन सुलोचना सिन्हा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विकास सोनी, पार्षद अश्विनी निषाद, शंकर देव देवचरण ध्रुव, राजा पवार, असकरण पटेल, विनीता कोठारी, डागेश्वरी साहू, अलका साव, खेमेन्द्र साहू, जीवन कुटरे, नेहा वैदे, शीलाबाई कुटरे, रेखा लोन्हारे, पूनम रामटेके उपस्थित थे।

## बैसाखी पर्व पर नगर में दिखा श्रद्धा और सेवा का संगम

# खालसा पंथ के स्थापना दिवस पर गूंजा "वाहे गुरु"

- गुरुद्वारा में गुरुग्रंथ साहिब का पाठ, शबद कीर्तन और अरदास का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सिख समाज द्वारा खालसा पंथ का स्थापना दिवस एवं बैसाखी पर्व श्रद्धा, उल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। शहर के श्री गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा सहित विभिन्न गुरुद्वारों में सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मत्था टेककर गुरुओं के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

गुरुद्वारा में विशेष दीवान सजाया गया, जहां गुरुग्रंथ साहिब का पाठ, शबद कीर्तन और अरदास का आयोजन हुआ। हजूरी रागी जत्था के भाई बलजोत सिंह (गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब) द्वारा प्रस्तुत शबद कीर्तन ने संगत को भावविभोर कर दिया। बच्चियों द्वारा प्रस्तुत कीर्तन ने भी सभी का मन मोह लिया।





बताया गया कि सिखों के दसवें गुरु गुरुगोबिंद सिंह ने 1699 में बैसाखी के दिन खालसा पंथ की स्थापना कर समानता, साहस और धर्म रक्षा का संदेश दिया।

दोपहर से लेकर रात्रि तक श्री रहिरास साहिब पाठ, आरती एवं शबद कीर्तन का आयोजन हुआ। इसके पश्चात गुरु का लंगर आयोजित किया गया, जिसमें सभी धर्म के लोगों ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया।

इस आयोजन में श्री गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा धमतरी प्रबंधक कमेटी के प्रधान स. जसपाल सिंह छाबड़ा, स. करतार सिंह मिस्सन, स. रजिन्दर सिंह छाबड़ा, मीत प्रधान स. रविंदर सिंह बिंद्रा, स. जसपाल सिंह तलुजा, स. सुरजीत सिंह भूरानी, सेकेट्री स. सतपाल सिंह छाबड़ा, स. भूपेंदर सिंह तलुजा, मीत सेकेट्री स. हर्षदीप सिंह खालसा, स. गुरमुख सिंह खनूजा, खजांची स. सतपाल सिंह अजमानी, स्टेज सेकेट्री स. गुरप्रीत सिंह गाले, कम्प्यूटर सेवा स. बलविंदर सिंह बग्गा, मीडिया प्रभारी स. दशमेश सिंह धंजल सहित अनेक सदस्यों की भूमिका रही।

कार्यक्रम में स. विजय भूरानी, स. अवतार सिंह मल्ली, स. कुलदीप सिंह, स. सोनू सिंह, स. अरविंद सिंह, स. सम्मन सिंह निज्जर, स. संदीप सिंह गाले, स. खुशबीर सिंह देवगन, स. बलदीप सिंह गरेवाल, स. गुरजोत सिंह अलख, स. हैप्पी खालसा, स. करण सिंह सिद्ध, स. प्रिंस सिंह ढिल्लों, स. रवि सिंह, स. मलकीत सिंह गिल, स. संतोख सिंह गिल, स. अमरजीत सिंह खालसा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

विशेष सहयोग में स. अंग्रेज सिंह गाले, सलाहकार स. जसविंदर सिंह देवगन, स. सविंदर सिंह जुनेजा, मोहन पाल चोपड़ा, गगन चोपड़ा, स. इंदरजीत सिंह सौंद, स. प्रताप सिंह ढिल्लों, स. सुरेंदर सिंह छाबड़ा, आमंत्रित सदस्य स. जसपाल सिंह देऊ, स. मनदीप सिंह ढिल्लों, स. परविंदर सिंह खालसा, स. सतनाम सिंह धनोवा, स. मंजोत सिंह बिंद्रा, स. ईशान दीप सिंह चिंद, स. रविंदर सिंह छाबड़ा (गोल्डी) एवं गुरुद्वारा प्रभारी स. हर्षदीप सिंह खालसा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### रंजना साहू ने गुरुद्वारे में टेका मत्था

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू ने गुरुद्वारे पहुंचकर गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 1699 में गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना कर अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का संदेश दिया। उन्होंने खालसा पंथ को त्याग, सेवा और बलिदान का प्रतीक बताया। श्रीमती साहू ने कहा कि बैसाखी किसानों की मेहनत का पर्व है। उन्होंने प्रदेश की खुशहाली के लिए अरदास की। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने उनका सम्मान किया।

### अंबेडकर जयंती पर आज होंगे कई कार्यक्रम

**नगरी।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर बजरंग चौक नगरी में 15 अप्रैल को एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगा। मुख्य अतिथि शंभू कुमार सिंह एडिशनल कलेक्टर रायपुर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अबिका मरकाम विधायक सिहावा करेंगी। सह अध्यक्ष के रूप में लक्ष्मी ध्रुव पूर्व विधायक सिहावा, रामप्रसाद मरकाम संरक्षक गोंड समाज नगरी एवं राजेश आनंद तेलसवार ब्लॉक प्रमुख होंगे। विशिष्ट अतिथि बलजीत छाबड़ा, देवचंद मतलाम, मनोज साथी, मिताप साहू होंगे। अन्य अतिथि उमेश देव, रेन लाल देव, सुरेंद्र ध्रुव, प्रमोद कुंजाम, टिकेश्वर ध्रुव, अब्दुल वहीद खान, कवल सिंह साहू, नंद यादव, दिनदयाल, दयाराम मरकाम, कैलाश प्रजापति, विष्णु टंडन, अकबर कश्यप, वामदेव कौशल, रेखवर अली, अय्यूब, तहसीन खान एवं फारुख खान होंगे। यह आयोजन कर्मी एकता संगठन नगरी सिहावा द्वारा किया जा रहा है।

# जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

भाजपा 47वें स्थापना दिवस पर सिहावा के शीतला मंदिर प्रांगण छिपलीपारा शक्ति केंद्र में गांव चलो बस्ती चलो अभियान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने छत्तीसगढ़ और धमतरी जिले में भाजपा के गौरवशाली इतिहास और विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे शून्य से शिखर तक का सफर तय करते हुए संगठन ने जिले के हर गांव और गरीब के दिल में अपनी जगह बनाई है। इसी कड़ी में संगठन के प्रति समर्पित निष्ठावान कार्यकर्ताओं का श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।



मौके पर पूर्व विधायक पिंकी शाह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप, नगरी मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव, जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी, मोहन पुजारी, चित्रांश नागवंशी, नरेंद्र सेन, भीतररास उपसरपंच सुनील यादव , लोकेश्वर शांडिल्य, गिरीश शांडिल्य, अंचला यदु, मोनिका कोर्राम, पूरन नाग, तेजनाथ शांडिल्य ,संदीप शांडिल्य, महेंद्र साहू, टिकेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## केरेगांव में बाबा साहेब को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम केरेगांव में भारतीय संविधान निर्माता, भारतरत्न एवं महान समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समरसता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के विचारों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने समाज में समानता, न्याय और बंधुत्व की स्थापना के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। मौके पर महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, संजय मरकाम अध्यक्ष भाजपा मंडल कुकरेल, अजय ध्रुव सभापति जिला पंचायत धमतरी, चंद्रकला साहू जनपद सदस्य, अकबर मंडावी सरपंच केरेगांव, भीष्म साहू, हेमिन खापर्डे, रूपौतिन नागवंशी, तोरण साहू, नारद गायकवाड़, संतोष कुंजाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## कैटतराई में मनाया गया समरसता दिवस

- बाबा साहेब के योगदान और नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम कैटतराई में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सभापति नगरी प्रेमलता नागवंशी रहीं। गुरु घासीदास के प्रतीक स्वरूप जैतखाम की आरती की गई।

इस अवसर पर प्रेमलता नागवंशी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक समानता के सबसे बड़े पैरोकार थे। बाबा साहेब का मानना था कि किसी समाज की प्रगति उस समाज की महिलाओं की उन्नति से मापी जाती है। उन्होंने हिंदू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को संपत्ति में अधिकार और शिक्षा दिलाने की जो नींव रखी थी, उसी का परिणाम है कि आज देश की बेटियां हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम बाबा साहेब के सपनों को साकार करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। विशिष्ट अतिथि युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष चित्रांश नागवंशी ने भी युवाओं को बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलने हेतु प्रेरित किया। मौके पर पंच यमुना मार्कण्डेय, पंच जगत मनहरे, शिव मनहरे, भगत मनहरे, गणेश मार्कण्डेय और डॉ. छबि साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



## कपालफोड़ी में डॉ अम्बेडकर को किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

शक्ति केंद्र कपालफोड़ी में डॉ अम्बेडकर की जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। मौके पर नरेश सिन्हा प्रदेश किसान मोर्चा सदस्य, तिलोत्तमा साहू सभापति जपं मगरलोड, रामचरण साहू सरपंच, हेमिन साहू सरपंच, बूथ अध्यक्ष लीलाराम निषाद, प्रेमानंद साहू, श्याम साहू, शम्भू साहू, डीहूराम साहू, पूर्णानंद साहू, खेमन साहू पंच, छबिलाल साहू, ललेश साहू उपस्थित थे।

# अंबेडकर चौक से रुद्री तक फोरलेन सड़क बनेगी

- डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर महापौर का बड़ा संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर शहर के सर्वांगीण विकास को लेकर महापौर ने संकल्प लेकर एक बड़ा और महत्वाकांक्षी लक्ष्य सामने रखा। उन्होंने कहा कि उनका पहला लक्ष्य अंबेडकर चौक से रुद्री तक की सड़क को फोरलेन में विकसित करना है, ताकि धमतरी के नागरिकों को रोजाना होने वाली यातायात की समस्याओं से स्थायी राहत मिल सके।



महापौर ने कहा कि वर्तमान में अंबेडकर चौक से रुद्री तक का मार्ग शहर का सबसे व्यस्त मार्ग बन चुका है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, जिससे सुबह और शाम के समय जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। स्कूल, कॉलेज, बाजार और कार्यालयों के समय में लोगों को लंबे समय तक जाम में फंसे रहना पड़ता है, जिससे समय की बर्बादी के साथ-साथ मानसिक परेशानी भी बढ़ती है। इस परियोजना को प्राथमिकता में रखते हुए शासन स्तर पर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इसके लिए तकनीकी सर्वे, बजट निर्धारण और भूमि संबंधी आवश्यकताओं का भी जल्द आकलन किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण योजना को जल्द से जल्द स्वीकृति दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

इस दौरान महापौर ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को याद करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने हमेशा समानता, विकास और आधुनिक सोच का संदेश दिया है। उन्हीं के आदर्शों पर चलते हुए शहर को बेहतर सुविधाएं देना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद रूपकुमारी चौधरी के आशीर्वाद से धमतरी क्षेत्र का चौमुखी विकास हो रहा है। एक वर्ष में 350 करोड़ के विकास कार्यों की स्वीकृति इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

## शिक्षा सेवा प्रदाताओं ने मांगा मानदेय



- पांच माह से मानदेय नहीं मिलने से आर्थिक संकट

**धमतरी।** विकासखंड नगरी में कार्यरत शिक्षा सेवा प्रदाता विगत पांच माह से मानदेय राशि के लिए मुंह ताक रहे हैं। सोमवार को समस्त शिक्षा सेवा प्रदाताओं ने कलेक्टर को आवेदन कर मानदेय दिलाने की मांग की है। शिक्षा सेवा प्रदाता संध्या, डीके साहू आदि ने बताया कि शिक्षा सत्र 2025-26 में विकासखंड नगरी के 41 प्राथमिक विद्यालयों में पूर्ण समर्पण के साथ अध्यापन कार्य किया। सेवा प्रदाता शिक्षकों ने बताया कि नवम्बर 2025 से मार्च 2026 तक पांच माह की मानदेय राशि अब तक नहीं मिली है। इससे शिक्षा प्रदाताओं को अनेक प्रकार की आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर से पांच माह की मानदेय शीघ्र दिलाने की मांग की है।

## ओबीसी संयोजक समिति ने प्रधानमंत्री के नाम 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा

# जातिवार जनगणना व आरक्षण लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ओबीसी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा, जातिवार जनगणना, आरक्षण संबंधित मांगों को लेकर ओबीसी संयोजक समिति ने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। अन्य पिछड़ा वर्ग संयोजक समिति छग के संस्थापक शत्रुघन सिंह साहू सहित समिति के पदाधिकारियों ने कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि भारत का सामाजिक ढांचा ऐतिहासिक रूप से असमानताओं से प्रभावित रहा है।




जिसके कारण ओबीसी समाज को लंबे समय से सामाजिक शैक्षणिक, आर्थिक विसमताओं का सामना करना पड़ा है। भारतीय संविधान में प्रदत्त समानता एवं सामाजिक न्याय के अधिकारों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समिति ने 8 सूत्रीय मांग की है जिसमें आगामी जनगणना में ओबीसी वर्ग के लिए पृथक कालम सुनिश्चित करने, प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को प्रभावी रूप से लागू करने, उच्च शिक्षण संस्थानों में ओबीसी के लिए आरक्षण की व्यवस्था, मंडल आयोग की सभी शेष सिफारिशों को लागू करने, न्याय पालिका तथा उच्च पदों पर ओबीसी, एसटी, एससी का समुचित प्रतिनिधित्व, महिला आरक्षण में ओबीसी, एसटी, एससी महिलाओं को आबाद के अनुपात में प्रतिनिधित्व, क्रीमीलेयर की सीमा एवं एनएफएस व्यवस्थाओं की पुनर्समीक्षा कर सामाजिक न्याय अनुरूप संशोधन, युवाओं के रोजगार के अवसरों की रक्षा करने की मांग शामिल हैं।

# बिरेझर में गांव चलो-घर घर चलो अभियान चलाकर दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

ग्राम बिरेझर में गांव चलो-घर घर चलो अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सार्वजनिक बाजार शेड परिसर में पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन एकत्रित हुए और केंद्र सरकार की योजनाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर की सराहना की गई। साथ ही जनपद पंचायत कुरूद के सभापति चंद्रशेखर साहू द्वारा प्रदत्त पानी टैंकर का लोकार्पण मंडल अध्यक्ष डॉ. लोकेश साहू एवं सरपंच नेहा गुपेंद्र साहू ने किया।



इस अवसर पर चैतन्यगिरी गोस्वामी, उपसरपंच झालेंद्र साहू, तामेश्वर विश्वकर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवामोर्चा और स्थानीय कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली।

### गंगरेल के मां अंगारमोती धाम में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजन

# गोंडी रीति-रिवाज से 65 जोड़ों का विवाह प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गंगरेल स्थित मां अंगारमोती देवी प्रांगण में आदिशक्ति अंगारमोती ट्रस्ट के तत्वावधान में जिला स्तरीय गोंड समाज सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। 65 जोड़ों का विवाह पारंपरिक रूढ़िजन्य गोंडी रीति-रिवाज पेन पद्धति के अनुसार शुरू हो गया है।

ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मराई ने बताया कि गौरा-गौरी पूजा, कलश पूजा के बाद लड़की लड़के को स्नान कराकर मड़वा पूजा की गई। इसके बाद देवी- देवता को तेल हल्दी चढ़ाने के बाद दूल्हा दुल्हन को एक साथ बिठाकर हल्दी लगाई गई। गढ़वा बाजा के साथ पारंपरिक गीतों के साथ वर-वधु को 7 बार हल्दी चढ़ाकर, पुनः 7 बार हल्दी उतारी गई। इसके बाद रात भर वर वधुओं के साथ सामाजिक लोगों ने पारंपरिक गीतों की धुन पर नृत्य किया।

उन्होंने आगे बताया कि यह विवाह समारोह गोंड समाज की प्राचीन संस्कृति और परंपराओं को सहेजने एवं नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। विवाह संस्कार की शुरुआत पेन शक्ति पंच बुढ़ादेव से लेकर सप्तम बड़ादेव की स्थापना के साथ की गई, जो गोंडी संस्कृति की मूल आस्था और प्रकृति पूजन की भावना को दर्शाता है।

समारोह के दौरान सभी दुल्हन को बाजे-गाजे के साथ पारंपरिक बारात के रूप में मां अंगारमोती दाई के मंदिर ले जाया गया, जहां पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इसके पश्चात सभी जोड़ों को मंडप में लाकर मातृका पूजन, तेल कार्यक्रम सहित अन्य पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन किया गया। समाज के पुरखा परंपरा, नेंग-दस्तूर और प्रकृति पूजा की परंपराओं को विशेष महत्व दिया गया।

जिला अध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड समाज माधवसिंह ठाकुर ने कहा कि 65 जोड़ों का यह सामूहिक विवाह समाज की एकता, सहयोग और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है। इस प्रकार के आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा मजबूत होता है और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी सम्मानपूर्वक विवाह का अवसर मिलता है। आगे कहा कि इस आयोजन में न केवल गोंड समाज बल्कि अन्य समाज के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिससे सामाजिक समरसता का संदेश प्रसारित हुआ। प्रकृति पूजा और देव शक्तियों के आव्हान के साथ विवाह समारोह समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य कर रहा है। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा।










इस अवसर पर सेनकुमार मंडावी, गोवर्धन कुंजाम, दशरथ नेताम, गणेशराम मरई, पन्ना लाल ध्रुव, संतराम नेताम, छविलाल ध्रुव, विमल कुमार ध्रुव, हेमलाल मरई, करण सिंह ओटी, मोहनलाल सोरी, मोहन लाल ध्रुव, विष्णुराम नेताम, हरिराम मरकाम, दयाराम मरकाम, लोकेश्वर नेताम, नरोत्तम कुंजाम, झरका मरकाम, शंकरलाल नेताम, विजयसिंह कुंजाम, विष्णुराम छेड़िया, गंगाराम कोर्राम, बलदाऊ राम नेताम, दुखराम नेताम, आनंद राम पडौटी, श्यामलाल नेताम, मनोज मरकाम, परदेशी मरकाम, राधेश्याम मंडावी, बोधनसिंह छेड़िया, कैलाश मरई, नारद ध्रुव, चिंताराम मंडावी, संतराम मरकाम, हीरालाल पडौटी, रामस्वरूप सामरथ, रामजी मरकाम, मनुलाल कोर्राम, मदन लाल कोर्राम, हेमंत सलाम, रामप्रीत छेड़िया, चिंतामणि मरकाम, केदारनाथ मंडावी, मिथ्याराम नेताम, हेमराज कुंजाम, सिताराम नेताम, अमरसिंह मरकाम तहसील सचिव, नरेश छेदैया, कुलेश्वर ध्रुव, संतोष कुमार ध्रुव, धनश्याम नेताम, फलेन्द्र मंडावी, शांति मंडावी, अनीता ठाकुर, शशि ध्रुव, गीता नेताम, नंदा ध्रुव, प्रेमलता नेताम, सुमी गौतम, भूमिका कोर्राम, दिव्या कतलाम, दीपा कतलाम, पूजा कुंजाम, सविता नेताम, राजकुमारी ध्रुव, चमेली नेताम, अनुसुईया ध्रुव, चंद्रकिरण नेताम, शीला नेताम, अवनी बाई नेताम, दुर्गा नेताम, कामिनी कतलाम, चेतन नेताम, सीता सलाम, भाविका ध्रुव, बुधन्तीन नेताम, बंटी मरकाम, दिग्विजय सिंह ध्रुव, युवराज सिंह मरकाम, प्रसून नेताम, कृष्ण कुमार मरकाम, तिजेन्द्र कुंजाम, हेमन्त ध्रुव, तुषार ठाकुर, सत्यवान पडोटी, खिलेश नेताम, दौलतराम ध्रुव, राहुल नेताम, गौतम पोटाई, टीकराम कुंजाम, कलाराम गंगेम, टीकम ध्रुव, नरेश गावड़े, नाहरसिंह नेताम, लेखराम ध्रुव, सुजाता ध्रुव, अंजना नेताम, सुरेन्द्र ध्रुव आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे मुख्य अतिथि

आज 15 अप्रैल को सामूहिक विवाह एवं आशीर्वाद समारोह होगा, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े करेंगी। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम होंगे। जीवराखन मरई संरक्षक सर्व आदिवासी समाज एवं अध्यक्ष आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट गंगरेल ने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

## घर में गांजा बेचते पति-पत्नी पकड़ाए



■ आरोपियों से गांजा, नकदी व मोबाइल सहित 89,930 रूपये जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

मगरलोड पुलिस ने ग्राम मोहेरा में पति-पत्नी को अपने निवास में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करते पकड़ा।

मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम मोहेरा निवासी लाभाराम कुर्रे एवं सुशीला बाई कुर्रे द्वारा अवैध रूप से गांजा का विक्रय किया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना मगरलोड पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दी। मौके पर आरोपीगणों द्वारा अपने घर में खुले स्थान पर अवैध रूप से गांजा बिक्री करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 1.660 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत लगभग 83,000 रूपये, नकद रकम 4,930 रूपये, 1 नग मोबाइल फोन कीमत लगभग 2,000 रूपये कुल राशि 89,930 रूपये जब्त की गई। इस मामले में थाना मगरलोड में धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों लाभाराम कुर्रे पिता अघनूराम उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम मोहेरा थाना मगरलोड जिला धमतरी छग, सुशीला बाई कुर्रे पति लाभाराम उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम मोहेरा थाना मगरलोड जिला धमतरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## ऑनलाइन आवेदन 27 अप्रैल तक मंगाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी के तहत आमापारा वार्ड क्रमांक 11 के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-02 में सहायिका (मानसेवी) की भर्ती के लिए 27 अप्रैल तक ई-भर्ती पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी ने बताया कि सहायिका पद के लिए 18 से 44 वर्ष तक की आयु की आठवीं उत्तीर्ण और जहां पद रिक्त है, उसी वार्ड की महिला आवेदन करने के लिए पात्र होंगी। आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र और वार्ड पार्षद द्वारा जारी प्रमाण पत्र अथवा वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज होने का क्रमांक की प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य है।













